हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
**Board of School Education Haryana, Bhiwani**
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक......876..../शैक्षिक/A-7 दिनांकः– 19/01/2023

विषयः– केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट) द्वारा संचालित रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा कोर्स।

सभी विद्यार्थियों/अध्यापकों व अभिभावकों का ध्यानाकर्षण करते हुए जानकारी दी जाती है कि केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट), जो रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षणोमुखी एक संस्थान है जो 10वीं कक्षा की योग्यता के आधार पर प्लास्टिक और संबंधित उद्योगो के क्षेत्र में डिप्लोमा कोर्स का संचालन करता है जिसमें रोजगार प्राप्ति के अच्छे अवसर है।

देशभर में सीपेट के 45 शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थान है और इनमें से एक हरियाणा में मुरथल (सोनीपत) में स्थित है। सिपेट–मुरथल का वर्ष–2022 हेतु जारी प्रवेश प्रोसपेक्टस वांछित आवश्यक जानकारी हेतु यहां प्रदर्शित है जिसमें संचालित डिप्लोमा कोर्स व होस्टल शुल्क व प्रवेश आदि के नियमों की जानकारी है। क्योंकि यह प्रोसपेक्टस 2022 का है परन्तु इच्छुक विद्यार्थी इसमें प्रदर्शित प्रवेश–तिथियों से 2023 की संभावित प्रवेश–तिथियों का आभास लगा सकते है तथा संबंधित संस्थान से सम्पर्क कर सकते है।

विद्यार्थी–अभिभावक हित में सूचनार्थ।

संलग्नः सिपेट डिप्लोमा 2022 का प्रोसपेक्टस।

19/1/2023
सहायक निदेशक (शैक्षिक)
कृते:सचिव

सिपेट 2022 प्रवेश परीक्षा

हमारे बारे में

शैक्षणिक वर्ष 2022-23 हेतु सिपेट के डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम द्वारा मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जाएगा।

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) एक **IS / ISO 9001: 2015 QMS, ISO / IEC 17025: 2017, ISO / IEC 17020: 2005** मान्यता प्राप्त प्रमुख शिक्षण संस्थान है, तथा रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है। सिपेट की स्थापना 1968 में प्लास्टिक्स और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए मानव संसाधन विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। आज सिपेट के केन्द्र संपूर्ण भारत वर्ष में उपस्थित है और प्लास्टिक्स एवं संबद्ध उद्योगों की कुशल जनशक्ति की आवश्यक्ता को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए 45 केन्द्रों के माध्यम द्वारा "धुरा एवं तीलियां " मॉडल पर कार्य कर रहा है। सिपेट के सभी केन्द्र डिजाईन, कैड/ कैम/ कैइ/ टूलिंग, प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, टेस्टिंग एण्ड क्वालिटी एश्योरेंस के क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकी के बुनियादी ढांचे से लैस हैं। सिपेट डिप्लोमा के पाठ्यक्रम सिपेट के सभी केंद्रों में समान हैं, और **AICTE** से मान्यता प्राप्त हैं । सिपेट के सभी केन्द्रों के छात्रों को डिप्लोमा शिक्षा निदेशालय, सिपेट प्रधान कार्यालय चैन्नई द्वारा हीं प्रदान किया जाता है।

सिपेट दुनिया भर में प्लास्टिक्स और संबद्ध उद्योगों के विकास के लिए भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए सिपेट के सभी डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश सिपेट द्वारा आयोजित कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के आधार पर किया जाएगा, तथा इस परीक्षा को सिपेट प्रवेश परीक्षा 2022 कहा जाएगा।

## सिपेट-मुरथल का संक्षिप्त विवरण :

हरियाणा राज्य में सिपेट की स्थापाना वर्ष 2006 में की गई जो कि वर्तमान में मुरथल, जिला सोनीपत स्थित है, तथा राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

सिपेट- मुरथल टूलिंग, डिजाईन, प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, उत्पादों के विकास, टेस्टिंग एण्ड क्वालिटी एश्योरेंस के क्षेत्र में प्लास्टिक्स और संबद्ध उद्योगों को तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षित व कुशल मानव संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है।

सिपेट-मुरथल के समस्त दीर्घ कालिक पाठ्यक्रम डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा **AICTE** द्वारा अनुमोदित हैं।

सिपेट-मुरथल संस्थान में विभिन्न रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं जो कि **NSDA (National Skill Development Agency)** के **NSQF (National Skill Qualification Framework)** तथा **Sector Skill Council-RCPSDC (Rubber, Chemical & Petrochemical Skill Development Council )** के दिशा निर्देशानुसार चलाए जाते हैं।

विजन

## विजन

पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति का एक शीर्ष संस्थान बनने के लिए सतत विकास सुनिश्चित करना।

मिशन

## मिशन

पेट्रोरसायन और संबद्ध उद्योगों के लिए उद्यमिता गुणों के साथ साथ योग्य मानव संसाधन प्रदान करने के लिए पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी के क्षेत्र में विशेष शैक्षणिक और कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मिश्रण की पेशकश करना।

गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से पेट्रोरसायन उद्योगों को डिजाईन, टूलिंग, प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, टेस्टिंग और क्वालिटी एश्योरेंस और इंस्पेक्शन सेवाओं के क्षेत्र में परामर्श सेवाओं के रूप में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करना।

पेट्रोरसायन पर समर्पित आर एण्ड डी विंग प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बौद्धिक संपदा (आई पी) और ज्ञान आधार द्वारा नई तकनीकी, अनुप्रयोगों और हैंड होल्डिंग उद्यमियों का विकास करेंगे।

# सिपेट-मुरथल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम

## डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (DPMT)

पाठ्यक्रम का नाम : डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी)
अवधि : 03 वर्ष (06 सेमेस्टर)
आयु : कोई आयु सीमा नहीं
प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता : 10 वीं पास*
*(अंतिम परीक्षा देने और आपेक्षित परिणाम वाले भी आवेदन करने के पात्र होंगे)

## डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (DPT)

पाठ्यक्रम का नाम : डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी)
अवधि : 03 वर्ष (06 सेमेस्टर)
आयु : कोई आयु सीमा नहीं
प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता : 10 वीं पास*
*(अंतिम परीक्षा देने और आपेक्षित परिणाम वाले भी आवेदन करने के पात्र होंगे)

## पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाईन विद कैड/ कैम (PD-PMD With CAD/CAM)

पाठ्यक्रम का नाम : पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाईन विद कैड/ कैम (पीडी-पीएमडी विद कैड/कैम)
अवधि : 1.5 वर्ष (03 सेमेस्टर)
उम्र : कोई आयु सीमा नहीं
प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता : 03 वर्ष का पूर्णकालिक डिप्लोमा इन मेकैनिकल/ प्लास्टिक्स/ पॉलीमर/ टूल/ प्रोडक्सन/ मेकाट्रोनिक्स/ ऑटोमोबाईल/ टूल एण्ड डाई मेकिंग/ पेट्रोरसायन/ इंडस्ट्रियल/ इंस्ट्रूमेंटेसन इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी एवं डीपीएमटी/ डीपीटी (सिपेट) अथवा इनके समकक्ष*
*(अंतिम परीक्षा देने और आपेक्षित परिणाम वाले भी आवेदन करने के पात्र होंगे)

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एण्ड टेस्टिंग (PGD-PPT)

पाठ्यक्रम का नाम : पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एण्ड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी)
अवधि : 02 वर्ष (04 सेमेस्टर)
आयु : कोई आयु सीमा नहीं
प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता : विज्ञान विषय में 03 वर्ष की पूर्णकालिक स्नातक डिग्री*
*(अंतिम परीक्षा देने और आपेक्षित परिणाम वाले भी आवेदन करने के पात्र होंगे)

# सिपेट संस्थान की महत्ता

1. ISO 9001 : 2015 द्वारा प्रमाणित शिक्षण संस्थान ।

2. पॉलीमर के क्षेत्र में 50 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता।

3. उत्कृष्ट प्लेसमेंट ट्रैक रिकार्ड (सिपेट-मुरथल केंद्र का पिछले 05 वर्षों से लगातार औद्योगिक क्षेत्रों में 95 प्रतिशत से भी अधिक का प्लेसमेंट ट्रैक रिकॉर्ड )

4. AICTE से अनुमोदित तथा NBA मान्यता प्राप्त कार्यक्रम ।

5. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा।

6. व्यवसायिक कुशलता हेतु अत्याधुनिक उपकरणों और मशीनों पर उत्तम प्रैक्टिकल ट्रेनिंग।

7. पाठ्यक्रम के अध्ययन के दौरान औद्योगिक इंटर्नशिप कार्यक्रम/ स्कॉलरशिप की सुविधा।

8. छात्रों को पॉलिमर/ प्लास्टिक्स/ पेट्रोरसायन / मैन्युफैक्चरिंग/ मैकेनिकल के मुख्य क्षेत्रों में पेशेवर तकनीकी ज्ञान के साथ प्रशिक्षित किया जाता है।

9. पॉलिमर/ प्लास्टिक्स/ पेट्रोरसायन तथा निर्माण के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान के साथ 500 से भी अधिक अनुभवी संकाय।

10. प्लास्टिक एवं पेट्रोरसायन क्षेत्र के दुनियां भर में फैले विभिन्न उद्योगों में सिपेट के भूतपूर्व छात्र प्रमुख पदों पर हैं, तथा 2-3 प्रतिशत सफल उद्यमी भी हैं।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बालक एवं बालिका छात्रावास



सिपेट-मुरथल (बालिका छात्रावास)
CIPET- MURTHAL (GIRLS HOSTEL)



सिपेट-मुरथल (बालक छात्रावास)
CIPET- MURTHAL (BOYS HOSTEL)

# पाठ्यक्रम का शुल्क संरचना

| S. No. | Course Offered | Fee (Rs.) |
|---|---|---|
| 01 | DPMT | 16,700/- per semester |
| 02 | DPT | 16,700/- per semester |
| 03 | PGD-PPT | 20,000/- per semester |
| 04 | PD-PMD with CAD/ CAM | 20,000/- per semester |

## अन्य शुल्क

| Annual Fees | Fees (Rs.) |
|---|---|
| Student Insurance Policy | 100/- per year |

| Annual Fees | Fees (Rs.) |
|---|---|
| Examination Fee | 200/- per theory paper/ practical paper |
| Supplementary Examination Fees | 250/- per theory paper/ practical paper |

| Annual Fees | Fees (Rs.) |
|---|---|
| Admission Fee | 1500/- Once at Admission time |
| Caution Money Deposit | 500/- Once at Admission time |
| Alumni Fee | 150/- Once at Admission time |

## HOSTEL FEE

Hostel room rent including all amenities : Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) per candidate/ Semester (will be collected in advance).

Hostel mess fee will be extra and charged as per actual on monthly basis.

Caution Money Deposit (Refundable) : Rs. 1,000/- (to be paid at the time of hostel admission).

Uniform dress fee : Extra to be paid at the time of admission.

# सिपेट डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु प्रवेश के नियम

1. शैक्षणिक वर्ष 2022-23 हेतु सिपेट के डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम द्वारा मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जाएगा, जो कि 19.06.2022 को आयोजित किया जाएगा।

2. सिपेट भारत सरकार द्वारा स्थापित मानदंड के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से अक्षम (दिव्यांगजन) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का पालन करता है।

3. ऐसे दिव्यांगजन उम्मीदवार जो कि पाठ्यक्रम से संबंधित शारिरिक मापदंड एवं गतिविधियों को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए अन्यथा सक्षम हैं उनके लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सीटें आरक्षित हैं।

4. पीजीडी-पीपीटी पाठ्यक्रमों के मामले में 02 वर्ष डिग्री पाठ्यक्रम (**10+2+2**) को उपयुक्त प्रवेश योग्यता नहीं माना जाएगा और इसलिए ऐसे उम्मीदवार को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

5. ऐसे छात्र जो कि इस वर्ष 10वीं/ 12वीं/ बी. एस. सी. (तृतीय वर्ष) की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं एवं परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रतिक्षा में हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। उनका प्रवेश, प्रवेश याग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण होने के अधीन है। प्रवेश परीक्षा के उपरांत 08 सप्ताह का समय प्रवेश योग्यता दस्तावेज जमा करने के लिए दिया जाएगा, जिसमें विफल रहने पर प्रवेश रद्द किया जा सकता है।

6. सिपेट-मुरथल में (600 छात्रों एवं 100 छात्राओं हेतु ) आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अलग- अलग बालक एवं बालिका छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। छात्रावास का आबंटन आवश्यकता और उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

7. सिपेट प्रवेश परीक्षा 2022 की मेरिट के अधार पर आवंटित सिपेट केंद्र में प्रवेश के उपरांत किसी अन्य सिपेट केंद्र में प्रवेश स्थानांतरण अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. प्रवेश काउंसलिंग / कॉल लेटर में दिए गए समय सीमा/ तिथि से पहले प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण नहीं करने वाले उम्मीदवारों का प्रोविजनल सेलेक्सन रद्द कर दिया जाएगा और रिक्तियों को भरने के लिए प्रतिक्षा सूची संचालित की जाएगी।

## प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश :

1. प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवार को प्रवेश/ परामर्श कॉल लेटर में निर्धारित तिथि पर या उससे पहले प्रवेश से संबंधित सभी शुल्क जमा करना होगा।
2. द्वितिय सेमेस्टर के लिए शुल्क का भुगतान सेमेस्टर प्रारंभ होने की तारीख के 2 सप्ताह के भीतर जमा कराना अनिवार्य है।
3. चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के समय एक आचार संहिता पर हस्ताक्षर करने होंगे।
4. चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के समय सत्यापन के लिए प्रवेश योग्यता का मूल प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, सामुदायिक प्रमाण पत्र और आरक्षण कोटा प्रमाण पत्र, यदि लागू हो, जमा कराना होगा।
5. आवश्यकता के अनुसार छात्रों को इंडस्ट्री स्तर पर इस्तेमाल होने वाली मशीनों पर पाली में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसलिए छात्रों को रोटेशन आधार पर इंडस्ट्री सदृश वातावरण में पाली में ट्रेनिंग दिया जाता है।
6. संस्थान किसी भी छात्र को संचारी रोग/ असंतोषजनक प्रदर्शन/ उपस्थिति की कमी/ कदाचार/ रैगिंग/ गैरकानूनी गतिविधियों के आधार पर पाठ्यक्रमों से निष्कासित करने का अधिकार रखता है।
7. माननीय सुप्रीम कोर्ट की (रिट याचिका संख्या 656/1998.) के अनुसार रैगिंग वर्जित है। किसी भी रूप में रैगिंग करने पर छात्र का संस्थान और छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा।

# सिपेट प्रवेश परीक्षा 2022

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र उपलब्ध होने की तिथि<br>(प्रवेश केवल ऑनलाईन आवेदन माध्यम से होगा। | 27-02-2022 |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 05-06-2022 |
| पूरे देश में सिपेट प्रवेश परीक्षा की तिथि | 19-06-2022 |
| चयनित अभ्यार्थियों को काउंसलिंग व प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि / सिपेट वेबसाईट पर उपलब्धता की तिथि | 27-06-2022 |
| पाठ्यकम प्रारंभ करने की तिथि | 16-08-2022 |

# आवेदन शुल्क

| क.सं. | श्रेणी | आवेदन शुल्क (रू.) प्रति उम्मीदवार/ प्रति कोर्स |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग/ अन्य | 500/- |
| 2. | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | 250/- |
| 3. | पूर्वोत्तर राज्यों के अभ्यार्थियों के लिए | 100/- |

# आवेदन पत्र भरने के निर्देश
# सामान्य निर्देश

1. प्रवेश परीक्षा "कम्प्यूटर आधारित टेस्ट" (सीबीटी) से होगी। सीबीटी का मतलब है कि उम्मीदवार कम्प्यूटर के सामने बैठता है और कम्प्यूटर के स्कीन पर बारी बारी से प्रश्न प्रस्तुत किए जाते हैं और उम्मीदवार कम्प्यूटर पर कीबोर्ड और माउस के उपयोग से प्रश्न का उत्तर देते हैं। प्रत्येक कम्प्यूटर सर्वर से जुड़ा होता है, जो प्रश्न सेट को तैयार करता है और उसे उम्मीदवार के कम्प्यूटर तक पहुंचाता है।

2. प्रश्न एक प्रश्न बैंक से उत्पन्न होता है और अलग अलग उम्मीदवारों को अलग अलग प्रश्न सेट मिलेंगे। प्रश्न सेट तुलनीय कठिनाई स्तर, सामाग्री, प्रश्न का प्रकार आदि एक विशेषज्ञ समिति द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। इस मामले में विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।

3. उम्मीदवार को कम्प्यूटर, कीबोर्ड, और माउस ऑपरेशन के साथ बुनियादी जानकारी होना आवश्यक है। परीक्षा में बैठने से पहले इन कौशलों को हासिल करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी।

4. संस्थान विभिन्न शहरों में टेस्ट सेंटर उपलब्ध करने की योजना बना रहा है। केन्द्रों की अंतिम सूची और संचालन के वास्तविक दिनों की घोषणा उम्मीदवारों को सिपेट प्रवेश वेबसाईट **https://www.cipet.gov.in/academics/cipet_admission.php** के माध्यम से की जाएगी। संस्थान गारंटी नहीं दे सकता है कि सभी शहरों में परीक्षा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, संस्थान के पास किसी भी परीक्षा केन्द्र को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों ने केन्द्र का विकल्प नहीं चुना है।

5. सिपेट प्रवेश परीक्षा 19 जून, 2022 को आयोजित की जाएगी।

6. संपर्क विवरण के साथ सिपेट परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची सिपेट प्रवेश वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

7. प्रवेश परीक्षा स्लॉट / सत्र में आयोजित की जाएगी।

8. उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्रों के नियमों का पूरी तरह से अनुपालन करना चाहिए, अन्यथा उन्हें परीक्षा से स्वतः वंचित कर दिया जाएगा।

9. सिपेट प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यार्थीयों को नीचे दिए गए निर्देश के अनुसार ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी तथा आवश्यक आवेदन शुल्क के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ ऑनलाईन आवेदन पत्र 05 जून,2022 तक सिपेट प्रवेश वेबसाईट में जमा करना होगा।

10. सिपेट प्रवेश परीक्षा-2022 और सिपेट में प्रवेश हेतु समस्त जानकारी एवं सूचना सिपेट प्रवेश वेबसाईट पर पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध रहेगी।

11. उम्मीदवारों को परामर्श दी जाती है कि सिपेट और सिपेट में प्रवेश के बारे में अधिक जानकारी के लिए सिपेट वेबसाईट पर जाएं।

12. सिपेट प्रवेश परीक्षा 2022 के आयोजन संबंधी सभी मामलों में सिपेट का निर्णय अंतिम होगा।

13. सिपेट प्रवेश परीक्षा 2022 से संबंधित सभी विवाद केवल चैन्नई के अधिकार क्षेत्र में आएंगे।

14. अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) (वार्षिक आय 6 लाख रूपए से कम) एनसीएल - गैर- क्रीमी लेयर उम्मीदवार जिनकी माता-पिता की वार्षिक आय 6 लाख रूपए से कम है।